

# शराब की लत ने शिक्षक को बनाया शराब तस्कर, आबकारी ने पहुंचाया जेल

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, शराब की लत ने बहुत से लोगों की जिंदगी बर्बाद कर देती है। इसी का एक उदाहरण पन्ना जिले में आबकारी विभाग की कार्रवाई के दौरान देखने मिला।**

पन्ना जिले में कलेक्टर श्रीमती ऊषा परमार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य और सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभू दयाल सिंह जाटव के मार्गदर्शन में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश पाण्डेय के नेतृत्व में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अन्तर्गत मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम शिकारपुरा में जंगल सफारी ढाबा में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब का भंडारण और विक्रय कर रहा है। आबकारी की टीम ने अचानक ग्राम शिकारपुरा स्थित ढाबे पर छापेमार कार्रवाई की। आरोपी अरविंद सिंह पिता गुलाब सिंह, उम्र 45 वर्ष निवासी पवई की उपस्थिति में ढाबे की विधिवत तलाशी ली गई, जिसमें ढाबे से 353 पाव देशी मदिरा सादा कुल मात्रा 63.54 बल्क लीटर अवैध शराब अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपए



जप्त की गई। आरोपी के पास उक्त शराब के संबंध में कोई वैध परमिट या लायसेंस नहीं पाया गया। अत: आरोपी को मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 ( 2) के अपराध में मौके से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कोविड काल से पहले वो गुजरात में शिक्षक था, लेकिन शराब की लत के कारण नौकरी छोड़नी पड़ी। फिर गुजरात में ही होजरी का व्यवसाय शुरू किया। शराब की लत ने यहाँ बहुत घाटा करवाया जिससे कि लाखों का कर्ज हो गया। कर्ज चुकाने के लिए गुजरात में ही अवैध रूप से शराब का कारोबार करने लगा, लॉकडाउन लगने के कारण वहां अवैध शराब का धंधा ठप हो गया।

अत: वापिस अपने गृहनगर पवई आ गया और यहां कटनी और दमोह से अवैध शराब की तस्करी कर पवई और आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करता था। इसके पूर्व आबकारी विभाग द्वारा ही अवैध शराब के साथ गिरफ्तार रघुनंदन जायसवाल पिता रामाधीन जायसवाल निवासी पवई को आरोपी अरविंद सिंह द्वारा ही अवैध शराब दी जाती थी। मामले में और भी आरोपी हो सकते है, इसलिए, प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक सुश्री स्मिता ठाकुर, सोनू कोरकू, रवि प्रकाश मिश्रा, नगर सैनिक वीरेंद्र यादव, मोतीलाल प्रजापति, फोटोलाल प्रजापति, कौशल्या बाई और सुरेंद्र सिंह बुंदेला, आकाश साहू सम्मिलित रहे।

# प्रतिभा असिस्टेंट डायरेक्टर विटनरी असिस्टेंट सर्जन पर हुईं चयनित

नवभारत न्यूज

**देवेंद्रनगर/पन्ना 29 जनवरी, देवेंद्रनगर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलसाय में संतोष शर्मा सेवानिवृत्त प्राचार्य,सतेंद्र शर्मा उर्फ बेटू की भतीजी एवं पुलिस विभाग पन्ना में पदस्थ अशोक शर्मा की होनहार बेटी डाक्टर प्रतिभा शर्मा का असिस्टेंट डायरेक्टर विटनारी असिस्टेंट सर्जन के पद पर 23 वीं रैंक पाकर चयनित हुई हैं।**



गौरतलब है कि ग्राम भिलसाय में 40 वर्ष पूर्व सेवानिवृत्त स्वर्गीय हरवंश प्रसाद शर्मा ने एमपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर आयकर विभाग में सहायक उपनिरीक्षक के पद पर नौकरी प्राप्त की थी। प्रतिभा की इस सफलता पर ग्रामीणों,परिवारजनों ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की हैं। वहीं इस बेटी ने गांव के युवा पीढ़ी को संबल प्रदान किया हे।

# जिले के एक भी पात्र मतदाता का नाम विलोपित नहीं होगा

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय पन्ना द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर आज प्रसारित मतदाताओं के नाम पर आपत्ति संबंधी वीडियो के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किया गया है।**

प्रसारित खबर में उल्लेख है कि सिद्धपुर निवासी राकेश कुमार कोरी द्वारा उनके नाम से नगर पालिका परिषद पन्ना के वार्ड नंबर 18 के 168 मतदाताओं के नाम विलोपित करने के संबंध में आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं। साथ ही ईपिक नंबर डालकर शिकायत दर्ज कराई गई है। वीडियो में पन्ना जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति और अल्पसंख्यक को टारगेट करने सहित पन्ना विधानसभा में 22 जनवरी 2026 के पूर्व 3300 तथा इसके उपरांत 8000 आपत्तियां प्राप्त होने और एक व्यक्ति से 200 से अधिक आपत्तियां लेने का भी उल्लेख है। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्रेस नोट जारी कर प्रसारित खबर को पूर्णत: भ्रामक व असत्य बताया गया है, क्योंकि मतदाता का ईपिक नंबर निर्वाचन कार्यालय द्वारा किसी भी स्थिति में सार्वजनिक नहीं किया जाता है। संबंधित मतदाता राकेश कुमार कोरी द्वारा स्वयं का ईपिक नंबर किसी अन्य व्यक्ति को प्रदान करने की स्थिति में निर्वाचन अमला जिम्मेदार नहीं है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अधिक संख्या में आवेदन के बारे में भी अवगत कराया गया है कि जिले के समस्त 1004 बीएलओ द्वारा गत 23 दिसम्बर से 22 जनवरी तक अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की गई हैं। बीएलओ द्वारा सभी फॉर्म ऑनलाइन प्राप्त किए गए हैं तथा बीएलओ एप पर नियमित रूप से डिजिटाईज करने की कार्रवाई की गई है। एसआईआर प्रक्रिया अंतर्गत प्रारंभिक मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत 29 जनवरी तक जिले में नाम जोड़ने के लिए 17 हजार 554 फॉर्म 6, विलोपन के लिए 1733 फॉर्म 7 तथा संशोधन व शिफ्टिंग के लिए 6118 फॉर्म 8 डिजिटाईज किए गए हैं। प्रसारित वीडियो में यह भी कहा जा रहा है कि पन्ना विधानसभा में एक दिवस में 8 हजार फॉर्म आए हैं। यह पूर्णत: सत्य नहीं है, क्योंकि बीएलओ को दावा-आपत्ति जमा करने पर बूथ लेवल अधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर सर्वप्रथम आवेदन की जांच की जाती है। इसके बाद जांच रिपोर्ट अनुसार फॉर्म को डिजिटाईज करने और बीएलओ एप से फॉर्म डिजिटाईज होने के बाद संबंधित एईआरओ द्वारा उसकी जांच की जाती है। मतदाता का नाम विलोपित श्रेणी में पाए जाने पर मतदाता को नोटिस जारी करने तथा नियमानुसार सुनवाई कर आदेश जारी किया जाता है। इसकी अपील का भी प्रावधान है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मधुवंतराव धुर्वे ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण की कार्रवाई तथा समस्त प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के तहत नियमानुसार संपादित कराई जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा भी सभी मतदाताओं को आश्वस्त किया गया है कि एसआईआर अंतर्गत एक भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से विलोपित नहीं किया जाएगा।

## बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता रथ रवाना

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जनजागरूकता के लिए एक समाजसेवी संस्था के सहयोग से जागरूकता रथ का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ऊषा परमार ने गत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रथ को रवाना किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर मधुवंतराव धुर्वे, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र सिंह धुर्वे एवं तहसीलदार भू अभिलेख मेघेन्द्र बंदोपाध्याय सहित मनीष खरे, देशराज लोधी, धीरज कुमार, सौरभ खरे, जाहिद खान, आकाश शर्मा, दिवाकर चैबे, इंद्रजीत अहिरवार, शिवम अरजरिया, गिरधारी सिंगरौल, राजेन्द्र विश्वकर्मा एवं मनोज सिंह गौर भी उपस्थित रहे।

# देवेंद्रनगर में नहीं थम रहीं चोरी की घटनाएं, चांदनी चौक में चोरी की कार का तांडव

नवभारत न्यूज

**देवेंद्रनगर/पन्ना 29 जनवरी, देवेन्द्रनगर नगर के व्यस्ततम चांदनी चौक इलाके में 28 जनवरी की देर रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक अज्ञात चोर ने खड़ी कार पार कर दी और भागते समय दो युवकों को रौंद दिया। रफ्तार का आलम यह था कि एक युवक कार के बोनट में फंसकर करीब एक किलोमीटर तक घिसटता रहा।**

अंतत: कार अनियंत्रित होकर नुनाही पेट्रोल पंप के पास पलट गई, लेकिन आरोपी चोर मौके से भागने में सफल रहा।



**लापरवाही का फायदा उठा ले उड़ा कार:-** जानकारी के अनुसार, कार मालिक प्रीतम गर्ग किसी काम से चांदनी चौक आए थे। उन्होंने अपनी कार खड़ी की, लेकिन गलती से चाबी कार में ही लगी छोड़ दी। इसी लापरवाही का फायदा उठाकर एक अज्ञात चोर ने गाड़ी चालू की और सतना की ओर तेजी से भागने लगा। मालिक के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने पीछा भी किया, लेकिन चोर ने रफ्तार और बढ़ा दी।

**बड़वारा मोड़ के पास दो युवकों को मारी टक्कर:-** भागने के चक्कर में चोर ने बड़वारा मोड़ के पास टहल रहे दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। घायलों की पहचान उज्ज्वल उर्फ भानू जैन (22 वर्ष), पिता सुरेश जैन एवं अनस खान (22 वर्ष) दोनो निवासी देवेंद्रनगर के रूप में हुई है।

## 1 किलोमीटर तक मौत का सफर

हादसा इतना भीषण था कि घायल उज्ज्वल जैन कार के बोनट में ही फंस गए। निर्दयी चोर ने गाड़ी नहीं रोकी और उज्ज्वल को करीब 1 किलोमीटर दूर तक घसीटते हुए ले गया। आखिरकार नुनाही मोड़ के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार पलटते ही चोर उसे वहीं छोड़कर रफूचक्कर हो गया। वही घटना की सूचना मिलते ही देवेन्द्रनगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्रेन बुलाकर पलटी हुई कार को सीधा करवाया और उसे जब्त कर लिया है। दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में हड़कंप और आक्रोश का माहौल है। वही इस पूरे मामले में देवेंद्रनगर थाना प्रभारी संतोष सिंह यादव ने बताया कि अज्ञात चोर पर मामला दर्ज कर लिया गया है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# हिरण को टक्कर मारने वाला आरोपी जेल में, ट्रक जब्त

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत पवई बायपास सड़क पर लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाने से सांभर हिरण की मृत्यु के मामले में वन विभाग द्वारा त्वरित एवं सख्त कार्यवाही की गई है।**

घटना में संलिप्त ट्रक चालक रणधीर सिंह पिता राजेंद्र सिंह निवासी रैगवां को वन विभाग ने अभिरक्षा में लेकर आज दिनांक 29 जनवरी को न्यायालय पवई में प्रस्तुत किया, जहां से उसे उपजेल पवई भेज दिया गया। घटना में प्रयुक्त ट्रक को वन विभाग द्वारा जब्त कर लिया गया है। इस कार्यवाही में आईएफएस प्रशिक्षु



एवं उपवनमण्डल अधिकारी पवई अक्षत जैन, वन परिक्षेत्र अधिकारी पवई नीतेश पटेल, परिक्षेत्र सहायक बी.के. खरे, वन रक्षक रामजी गर्ग सहित अन्य वनकर्मी उपस्थित रहे। दिनांक 28 जनवरी को निर्माणाधीन मार्ग के मध्य भाग में वन विभाग द्वारा एक सांभर मृत अवस्था में पाया गया था। मृत पशु के शरीर पर वाहन से टक्कर के स्पष्ट चिन्ह, गंभीर आघात एवं रक्तस्राव के संकेत पाए गए थे। जांच के दौरान संकलित भौतिक साक्ष्यों के आधार पर संबंधित ट्रक को चिन्हित कर जब्त किया गया। मृत वन्यप्राणी का पोस्टमार्टम कर आवश्यक सैंपल्स प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए एवं नियमानुसार अंतिम संस्कार किया गया।

# पवई के वार्ड-8 में सहायिका पद की अंतिम सूची में संशोधन

▶ पूजा सेन का अंतिम चयन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञापन 20 जून 2025 के अनुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती प्रक्रिया एमपी ऑनलाइन चयन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जा रही है।**

भर्ती प्रक्रिया के दौरान एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर हुई त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि के कारण चयन पोर्टल पर गत 28 जनवरी को जनरेट एवं प्रकाशित पवई के वार्ड 8 स्थित मिनी आंगनबाड़ी केंद्र अंतर्गत सहायिका पद की अंतिम सूची जिला स्तरीय दावा-आपत्ति निराकरण समिति के अंतिम निर्णय के अनुरूप नहीं पाई गई। उक्त त्रुटि के निराकरण उपरांत चयन पोर्टल पर प्रकाशित अंतिम सूची में आंशिक रूप से मैन्युअल संशोधन कर पृथक से संशोधित अंतिम मेरिट सूची ऑफलाइन मोड से जारी की गई है। संशोधित सूची जिला स्तरीय दावा-आपत्ति निराकरण समिति के अंतिम निर्णयों के अनुरूप है, जिसमें आवेदिका पूजा सेन का सहायिका पद हेतु अंतिम चयन किया गया है। संशोधित अंतिम सूची जारी किए जाने संबंधी पत्र सहित संशोधित मेरिट सूची जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग एवं जिला पंचायत पन्ना के सूचना पटल पर सर्वसंबंधितों के अवलोकन हेतु चस्पा कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए विभागीय कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

# धरमपुर वन मंडल के पंझिरिया माता मंदिर में अनुभूति शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, वन मंडल - उत्तर पन्ना में वन-परिक्षेत्र धरमपुर अंतर्गत पंझिरिया माता मंदिर में मध्य प्रदेश इको पर्यटन विकास बोर्ड के तत्वावधान में आज दिनांक 29 जनवरी को अनुभूति कैंप का सफल आयोजन किया गया।**

इस पर्यावरणीय एवं शैक्षणिक कार्यक्रम में हाई स्कूल नयागांव ,माध्यमिक शाला धरमपुर, माध्यमिक शाला शहपुरा के कक्षा 7वीं, 8वीं 9वीं एवं 10वीं के कुल



126 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति, वन एवं जैव विविधता से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना रहा। कैंप के दौरान मास्टर ट्रेनर्स मनीष रावत द्वारा विद्यार्थियों को पंझिरिया मंदिर के समीप पक्षी दर्शन कराया गया, जहां उन्हें विभिन्न पक्षी प्रजातियों, उनके आवास, भोजन श्रृंखला एवं पर्यावरण में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों को नेचर ट्रेल के माध्यम से वन क्षेत्र की प्राकृतिक संरचना, वनस्पतियों, जीव-जंतुओं तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में समझाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में हनुमत प्रताप सिंह उपस्थित रहे। वन परिक्षेत्र अधिकारी धरमपुर पंकज दुबे प्रशिक्षु वन क्षेत्रपाल ओमकार मिश्रा साथ ही जनप्रतिनिधियों के रूप में धरमपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, सरपंच कौशल किशोर, थाना धरमपुर का समस्त स्टाफ ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की और बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

# गुनौर विधायक ने किया आजीविका ग्रामीण परामर्श केन्द्र का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने बुधवार को आजीविका मिशन विकासखंड गुनौर अंतर्गत आजीविका ग्रामीण परामर्श केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया।**

परामर्श केंद्र के माध्यम से ग्रामीण समूह सदस्यों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। आजीविका मिशन अंतर्गत गुनौर ब्लॉक में 1651 स्वसहायता समूह पंजीकृत हैं। समूहों द्वारा बैंको से ऋण लेकर विभिन्न प्रकार की सामूहिक और व्यक्तिगत गतिविधियां संचालित



की जाती हैं। कार्यक्रम में विधायक डॉ. वर्मा ने 36 समूहों को 184.50 लाख रुपए का बैंक ऋण वितरण कर लखपति दीदियों को सम्मानित किया। उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अवसर पर पौधरोपण कर समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। एस.एन. गर्ग द्वारा कार्यक्रम का संचालन एवं ओ.पी. सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र में एक और बाइक हुई चोरी

**देवेंद्रनगर/पन्ना 29 जनवरी,** रामबहादुर बागरी निवासी फुलवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि फुलवारी के आगे गिट्टी प्लांट के पास घर के सामने टीवीएस मोटरसाइकिल खड़ी थी जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी करके ले गया। जिसकी रिपोर्ट लिखवाने के लिए फरियादी देवेंद्रनगर थाने पहुंचा। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल है।अब देखना होगा कि देवेंद्रनगर पुलिस इस मामले में कितनी जल्दी चोरों तक पहुंच पाती है और बढ़ती चोरी की घटनाओं पर लगाम कब लगती है।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के संस्था प्रमुख डॉ एस डी चतुर्वेदी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान एवं मध्य प्रदेश गान की गूंज से तथा गगनभेदी नारों से वातावरण में देश-प्रेम, त्याग और बलिदान के भाव का संचार हुआ।**

प्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में आजादी के नायकों का सम्मान करते हुए कहा कि हमें मौलिक



अधिकारों के साथ कर्तव्य को नहीं भूलना चाहिए तथा हमें सकारात्मक सोच के साथ उन्नति के मार्ग में जो बाधा बने उनसे दूर रहें। गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व पर महाविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ मनोरमा गुप्ता व डॉ आर एम दत्ता, सहायक प्राध्यापक डॉ डीपी कुशवाहा, डॉ मनोज कुमार, डॉ नंदकुमार पटेल, डॉ बी एन जायसवाल, लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह, डॉ सतीश कुमार त्रिपाठी, डॉ राजेश कुमार पटेल, डॉ पीयूष शर्मा, डॉ अरविंद निषाद , डॉ अरविंद मंडेलिया, डॉ निशांत खरे, स्वप्निल मेश्राम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी के साथ ही बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

**एनसीसी सीनियर डिवीजन ( पुरुष ) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया-** गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम अंतर्गत नि:शस्त्र प्लाटून की परेड में एनसीसी सीनियर डिवीजन द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसका नेतृत्व सार्जेंट अखिलेश आदिवासी ने किया। कैडेट्स ने अपनी लगन और मेहनत से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के वालंटियर ने तृतीय स्थान अर्जित किया। नएसएस की परेड में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षित जवानों जैसे परेड किया और निरूशस्त्र प्लाटून में तृतीय स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर आन बान शान से लहराया तिरंगा

नवभारत न्यूज

**पवई 29 जनवरी, पवई नगर सहित आँचलिक क्षेत्रों मे 77 वां गणतंत्र दिवस गरिमा पूर्ण तरीके से मनाया गया । प्रत्येक शासकीय अशासकीय संस्थानों, मुख्यालयों में ध्वजारोहण किया गया।**

पवई नगर में भी गणतंत्र दिवस की धूम रही। तहसील कार्यालय, न्यायालय,एसडीओपी कार्यालय, उप जेल,जनपद पंचायत,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अरण्य भवन में कार्यालय प्रमुखों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही नगर के व्यापारिक केंद्र झंडा बाजार मे डॉक्टर रमेश बेहरे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



नगर परिषद पवई में नगर परिषद अध्यक्ष बसंत दहायत के द्वारा किया गया, तत्पश्चात सामूहिक ध्वजारोहण का मुख्य कार्यक्रम महाराजा छत्रसाल मैदान में आयोजित हुआ,जहां जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहनी आनंद मिश्रा द्वारा राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए ध्वजारोहण किया गया, इसके बाद परेड की सलामी ली तत्पश्चात कारगिल शहीद बालेंद्र सिंह जी की पत्नी श्रीमति राधा सिंह जी का सम्मान हुआ,इसके बाद नगर के विद्यालयों से आए हुए नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की देशभक्ति पूर्ण गीतों पर प्रस्तुतियां दी गई,जिसके बाद प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आए हुए वरिष्ठ एवं कनिष्ठ विद्यालयों को पुरस्कार दिए गए।



# ग्राम बीरा में हिंदू सम्मेलन का हुआ आगाज

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 29 जनवरी, भारत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर संघ के द्वारा शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और हिंदू समाज के द्वारा गांव से लेकर शहर सभी जगह हिंदू सम्मेलन किया जा रहे हैं.**

जो देश के सभी गांव नगर और शहर में मनाया जा रहे हैं उसी के तारतम में अजयगढ़ के बीरा में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया इस आयोजन में कलश यात्रा कन्या पूजन और गौ माता पूजन का आयोजन पुरे विधि विधान से पूजा अर्चना की गई कार्यक्रम मे उद्बोधन अवधिया का रहा और कार्यक्रम में वीरा गांव के सभी लोग शामिल रहे।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत टाउन हॉल पन्ना में आयोजित सृजन कार्यक्रम का भव्य समापन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 29 जनवरी, पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वन्दना चैहन के मार्गदर्शन मे पन्ना पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत आयोजित 18 दिवसीय ॿसृजन कार्यक्रमॿ का समापन दिनांक 29 जनवरी को जगदीश स्वामी टाउन हॉल, पन्ना में संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के ऐसे बच्चों एवं किशोरों को मुख्यधारा से जोड़ना रहा, जो विभिन्न कारणों से शिक्षा से वंचित रह गए थे, तथा उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त नागरिक के रूप में विकसित करना था। इस कार्यक्रम में पन्ना शहर के लगभग 80 बच्चों ने सहभागिता की। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा किसी से दूर नहीं है। डिजिटल एवं ओपन सोर्स माध्यमों जैसे गूगल आदि के माध्यम से भी ज्ञान अर्जित किया जा सकता है।



"हम अपना निर्माण स्वयं करते हैं" - यह समझते हुए बच्चों को आत्मनिर्भर बनने हेतु निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को च्छैव् ।बज, किशोर न्याय अधिनियम, साइबर अपराध एवं सोशल मीडिया सुरक्षा, बाल अधिकार, महिला सशक्तिकरण, नशा निषेध, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा, भारतीय न्याय संहिता सहित विभिन्न सामाजिक एवं कानूनी विषयों की जानकारी दी गई। साथ ही, चित्रकला, स्केचिंग, मार्शल आर्ट, वर्ली आर्ट का अभ्यास एवं नेतृत्व क्षमता, जीवन कौशल, अनुभव साझा करना एवं पुलिस विभाग की प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा सहभागिता करने वाले लगभग 80 बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा सृजन कार्यक्रम मे सक्रिय भूमिका निभाने वाले पुलिस अधिकारियों, आधार एन.जी.ओ. के सदस्यो एवं अन्य विधाओं के विशेसज्ञो को शील्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं बच्चो को उपहार स्वरूप ड्रेस प्रदान की गई। कार्यक्रम में, रक्षित निरीक्षक पन्ना खिलावन सिंह कंवर, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी निरी. रोहित मिश्रा ,महिला थाना प्रभारी निरी. फूल कुमारी तथा मास्टर ट्रेनर की भूमिका निभाते हुए बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।